INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान पटवार

## राजस्थान अधीनस्थ और मंत्रिस्तरीय सेवा चयन बोर्ड (RSMSSB)

### भाग – 2

## सामान्य विज्ञान एवं कंप्यूटर

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स* ***"राजस्थान पटवारी नोट्स"*** *को एक विभिन्न अपने - अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है। ये नोट्स पाठकों को* ***राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड (RSMSSB)*** *द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा* ***"राजस्थान पटवारी भर्ती परीक्षा – 2024*** *में पूर्ण संभव मदद करेंगे ।*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स मे कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है। अतः आप सूची पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं।***

**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : https://www.infusionnotes.com

**WhatsApp करें – https://wa.link/0yupe6**

**Online Order करें - https://shorturl.at/pwFNP**

**मूल्य : (₹)**

**संस्करण : नवीनतम (2024)**

| | विज्ञान | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | अध्याय | पेज न. |
| 1. | दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व<br>• भौतिक विज्ञान का परिचय<br>• मापन की इकाइयाँ<br>• मात्रक पद्धतियाँ<br>• यांत्रिकी<br>• गति<br>• ध्वनि<br>• प्रकाशिकी<br>• ऊष्मा<br>• चालकता | 1 |
| 2. | रसायन विज्ञान<br>• सामान्य परिचय<br>• परमाणु संरचना<br>• धातु, अधातु एवं उपधातु<br>• अम्ल, क्षार और लवण<br>• कार्बन और इसके यौगिक | 38 |
| 3. | जीव विज्ञान<br>• कोशिका<br>• ऊतक<br>• रक्त समूह<br>• मानव शरीर के तंत्र<br>• श्वसन तंत्र<br>• एंजाइम | 76 |

| | | |
|---|---|---|
| | • ग्रन्थियाँ<br>• प्रोटीन<br>• वसा<br>• विटामिन<br>• स्वास्थ्य देखभाल एवं मानव रोग<br>• जीवाणु जनित रोग<br>• वायरस जनित रोग<br>• प्रोटोजोआ जनित<br>• आनुवंशिक रोग | |
| कम्प्यूटर | | |
| 1. | कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान<br>• कम्प्यूटर का विकास | 116 |
| 2. | कम्प्यूटर मैमोरी | 119 |
| 3. | इनपुट और आउटपुट युक्तियाँ | 126 |
| 4. | कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | 136 |
| 5. | वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर | 150 |
| 6. | माइक्रोसॉफ्ट पॉवर प्वाइंट | 155 |
| 7. | स्प्रेड शीट सॉफ्टवेयर | 158 |
| 8. | इंटरनेट | 162 |
| 9. | Abbreviation | 167 |

## अध्याय – 1

## दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व

### भौतिक विज्ञान का परिचय

भौतिकी विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत द्रव्य तथा ऊर्जा और उसकी परस्पर क्रियाओं का अध्ययन किया जाता हैं ।

### मापन

- **भौतिक राशियाँ-** भौतिकी के नियमों को जिन्हें राशियों के पदों में व्यक्त किया जाता हैं, उन्हें भौतिक राशियां कहते हैं :जैसे - लम्बाई, बल, चाल, वस्तु का द्रव्यमान, घनत्व इत्यादि । भौतिक; राशिया दो प्रकार की होती हैं - अदिश और सदिश |
- **अदिश राशियां-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती हैं, किन्तु दिशा की कोई आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अदिश राशि कहा जाता हैं । द्रव्यमान, चाल, समय, दूरी, ऊर्जा, आवेश, विद्युत धारा, विभव इत्यादि अदिश राशि के उदाहरण हैं ।
- **सदिश राशि-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए परिमाण के साथ-साथ दिशा की भी आवश्यकता होती हैं, उन्हें सदिश राशि कहा जाता हैं। **बल, वेग, भार, त्वरण, विस्थापन इत्यादि सदिश राशि के उदाहरण हैं** ।
- भौतिकी के नियमों को समय, घनत्व, बल, ताप तथा अन्य भौतिक राशियों द्वारा व्यक्त किया जाता हैं ।
- **मापन की इकाइयाँ (Units of Measure):-** भौतिक विज्ञान में लम्बाई, द्रव्यमान एवं समय के लिए तीन मूलभूत इकाइयाँ प्रयुक्त होती हैं । अन्य इकाइयाँ इन्हीं तीनों मौलिक इकाइयों से बनी हैं। माप की इकाइयाँ दो प्रकार की होती हैं -मूल इकाई और व्युत्पन्न इकाई ।
- **मूल मात्रक/इकाई (Fundamental Units) –** किसी भौतिक राशि को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे मानकों का प्रयोग किया जाता हैं जो अन्य मानकों से स्वतंत्र होते हैं, इन्हें मूल मात्रक कहते; जैसे - लम्बाई, समय और द्रव्यमान के मात्रक क्रमशः मीटर, सेकेण्ड़ एवं किलोग्राम मूल इकाई हैं ।
- **व्युत्पन्न मात्रक / इकाई (Derived Units) –** किसी भौतिक राशि को जब दो या दो से अधिक मूल इकाइयों में व्यक्त किया जाता हैं, तो उसे व्युत्पन्न इकाई कहते हैं जैसे बल, दाब, कार्य एवं विभव के लिए क्रमशः न्यूटन, पास्कल, जूल एवं वोल्ट व्युत्पन्न मात्रक हैं ।

- **मात्रक पद्धतियाँ (System of Units)**

भौतिक राशियों के मापन के लिए निम्नलिखित चार पद्धतियां प्रचलित हैं -

i. **CGS पद्धति (Centimetre Gram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः सेंटीमीटर, ग्राम और सेकण्ड़ होते हैं । इसलिए इसे Centimeter Gram Second या CGS पद्धति कहते हैं । इसे फ्रेंच या मीट्रिक पद्धति भी कहते हैं ।

ii. **FPS पद्धति (Foot Pound Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः फुट, पाउण्ड़ और सेकण्ड़ होते हैं । इसे ब्रिटिश पद्धति भी कहते हैं ।

iii. **MKS पद्धति (Metre Kilogram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः मीटर, किलोग्राम और सेकण्ड़ होते हैं ।

iv. **अंतर्राष्ट्रीय मात्रक पद्धति (System International – S.I. Units)** –सन् 1960 ई. में अन्तर्राष्ट्रीय माप-तौल के अधिवेशन में SI को स्वीकार किया गया, जिसका पूरा नाम Le Systeme International d'Unites हैं । वास्तव में, यह पद्धति MKS पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्द्धित (improved and extended) रूप हैं । आजकल इसी पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं । इस पद्धति में सात मूल मात्रक तथा दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary units) हैं ।

**SI के सात मूल (Seven Fundamental Units) निम्नलिखित हैं : -**

i. **लम्बाई (Length)** का मूल मात्रक मीटर (Meter) – SI में लम्बाई का मूल मात्रक मीटर हैं । । मीटर वह दूरी हैं, जिसे प्रकाश निर्वात् में 1/299792458 सेकण्ड़ में तय करता हैं ।

ii. **द्रव्यमान** (Mass) का मूल मात्रक किलोग्राम (Kilogram) & फ्रांस के सेवरिस नामक स्थान पर माप - तौल के अंतर्राष्ट्रीय (International Bureau of weight and Measurement- IBWM) में सुरक्षित रखे प्लेटिनम - इरीडियम मिश्रधातु के बने हुए बेलन के द्रव्यमान को मानक किलोग्राम कहते हैं । इसे संकेत में किग्रा (kg) लिखते हैं।

iii. **समय का मूल मात्रक सेकेण्ड-** सीज़ियम - 133 परमाणु की मूल अवस्था के दो निश्चित ऊर्जा स्तरों के बीच संक्रमण से उत्पन्न विकिरण के 9192631770 आवर्तकालों की अवधि को । सेकेण्ड़ कहते हैं । आइंस्टीन ने अपने प्रसिद्ध सापेक्षता का सिद्धांत (Theory of Relativity) में समय को चतुर्थ विमा (Fourth dimension) के रूप में प्रयुक्त किया हैं ।

iv. **विद्युत – धारा (Electric Current)** & यदि दो लम्बे और पतले तारों को निर्वात में । मीटर की दूरी पर एक - दूसरे के समानान्तर रखा जाए और उनमें ऐसे परिमाण की समान विद्युत धारा प्रवाहित की जाए जिससे तारों के बीच प्रति मीटर लम्बाई में $2 \times 10^{-7}$ न्यूटन का बल लगने लगे तो विद्युत धारा के उस परिमाण को । एम्पियर कहा जाता हैं । इसका प्रतीक A हैं ।

v. **ताप (Temperature)** का मूल मात्रक (Kelvin) – जल के त्रिक बिंदु (triple point) के ऊष्मागतिक ताप के 1/273.16 वें भाग कों केल्विन कहते हैं । इसका प्रतीक K होता हैं ।

vi. **ज्योति - तीव्रता (Luminous Intensity)** का मूल मात्रक (Candela) – किसी निश्चित दिशा में किसी प्रकाश स्त्रोंत की ज्योति - तीव्रता । कैण्डेला तब की जाती हैं, जब यह स्त्रोंत उस दिशा में $540 X 10^{12}$ हट्‌र्ज का तथा 1/683 वाट/स्टेरेडियन तीव्रता का एकवर्णीय प्रकाश (monochromatic) उत्सर्जित करता हैं । यदि घन कोण के अन्दर प्रति सेकण्ड़ । जूल प्रकाश ऊर्जा उत्सर्जित हो, तो उसे । वाट/स्टेरेडियन कहते हैं ।

vii. **पदार्थ की मात्रा** (Amount of Substance) का मूल मात्रक (Mole) - एक मोल, पदार्थ की वह मात्रा हैं, जिसमें उसके अवयवी तत्वों (परमाणु, अणु, आदि) की संख्या $6\text{-}023 X 10^{23}$ होती हैं । इस संख्या को ऐवागाड्रों नियतांक (Avogadro's Constant) कहते हैं।

**SI के दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary Units) हैं-**

i. रेडियन
ii. स्टेरेडियन

**रेडियन (Radian)** – किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा उसके केन्द्र पर बनाया गया कोण एक रेडियन होता है। इस मात्रक का प्रयोग समतल पर बने कोण (Plane angles) को मापने के लिए किया जाता हैं ।

**स्टेरेडियन (Steradian)** – किसी गोले की सतह पर उसकी त्रिज्या के बराबर भुजा वर्गाकार क्षेत्रफल द्वारा गोले के केन्द्र पर बनाए गए घन कोण को । स्टरेडियन कहते हैं। यह ठोसीय कोणों (Solid angles)को मापने का मात्रक हैं।

**मूल मात्रक (Fundamental Units)**

| **भौतिक राशि (Physical Quantity)** | **SI मात्रक/इकाई (SI Unit)** | **प्रतीक/संकेत (Symbol)** |
|---|---|---|
| लंबाई (Length) | मीटर (Metre) | M |
| द्रव्यमान (Mass) | किलोग्राम (Kilogram) | Kg |
| समय (Time) | सेकंड(Second) | S |
| विद्युत-धारा(Electric Current) | एम्पियर(Ampere) | A |
| ताप (Temperatur) | केल्विन (Kelvin) | K |
| ज्योति-तीव्रता (Luminous Intensity) | कैंडेला(Candela) | Cd |
| पदार्थ की मात्रा substance) | मोल(Mole) | mol |

**अत्यधिक लंबी दूरियों को मापने में प्रयोग किए जाने वाले मात्रक**

- खगोलीय इकाई (Astronomical Unit- A.U.)
  **- यह दूरी का मात्रक हैं । सूर्य और पृथ्वी के बीच की मध्य दूरी (mean distance) खगोलीय इकाई कहलाती हैं ।**

  1 A.U. = $1.495 X 10^{11}$ Metres

- **प्रकाश वर्ष (Light Yearly) - यह दूरी का मात्रक है।** एक प्रकाश वर्ष निर्वात् में प्रकाश के द्वारा एक वर्ष में चली गयी दूरी हैं, जो $9\text{-}46 X 10^{15}$ मी. के बराबर होती हैं ।
- **पारसेक (Parsec) = Parallax Second** - यह **दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई है** (1 Parsec = $3.08 X 10^{16}$m) लम्बाई/दूरी के मात्रक:-

| | |
|---|---|
| 1 किलोमीटर (km) | = 1000 मी. |
| 1 मील (Mile) | = 1.60934 किमी. |
| 1 नाविकमील (NM) | = 1.852 किमी. |
| 1 खगोलीय इकाई | = $1.495 X 10^{11}$ मी. |
| 1 प्रकाश वर्ष (ly) | = $9.46 X 10^{15}$ मी. = 48612 A.U. |
| 1 पारसेक (Parsec) | = $3.08X10^{16}$ मी. = 3.26 ly |

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

| दस की घात | पूर्व प्रत्यय | प्रतीक (Symbol) | दस की घात | पूर्व प्रत्यय (Prefix) | प्रतीक (Symbol) |
|---|---|---|---|---|---|
| $10^{18}$ | एक्सा(exa) | E | $10^{-18}$ | एटो (atto) | a |
| $10^{15}$ | पेटा (peta) | Pz | $10^{-15}$ | फेम्टो(femto) | f |
| $10^{12}$ | टेरा (tera) | T | $10^{-12}$ | पीको(pico) | p |
| $10^{9}$ | गीगा(giga) | G | $10^{-9}$ | नैनो (nano) | n |
| $10^{6}$ | मेगा (mega) | M | $10^{-6}$ | माइक्रो (micro) | u |
| $10^{3}$ | किलो (kilo) | K | $10^{-3}$ | मिली (milli) | m |
| $10^{2}$ | हेक्टो (hecto) | h | $10^{-2}$ | सेंटी (centi) | c |
| $10^{1}$ | डेका (deca) | da | $10^{-1}$ | डेसी (deci) | d |

**व्युत्पन्न राशि एवं उनके मात्रक**

| राशि | मात्रक | संकेत |
|---|---|---|
| आवृत्ति | हट्र्ज | Hz |
| संवेग | किग्रा मी /सेकेण्ड | kg m/s |
| आवेग | न्यूटन /सेकेण्ड | N/s |
| पृष्ट तनाव | न्यूटन/मीटर | N/m |
| विद्युत आवेश | कूलॉम्ब | c |
| विभान्तर | वोल्ट | v |
| विद्युत प्रतिरोध | ओम | Ω |
| विद्युत धारिता | फैराडे | F |
| प्रेरक चुम्बकीय फ्लक्स | वेबर | Wb |
| ज्योति फ्लक्स | ल्यूमेन | Lm |
| प्रदीप्ति घनत्व | लक्स | Lx |
| प्रकाश तरंग दैर्ध्य | एंग्स्ट्राम | $[A]^0$ |
| प्रकाशीय दूरी | प्रकाश -वर्ष | ly |
| कार्य या ऊर्जा | जूल | J |
| त्वरण | मीटर /सेकण्ड | $m/s^2$ |
| दाब | पास्कल | Pa |
| बल | न्यूटन | N |
| शक्ति | वाट | W |
| क्षेत्रफल | वर्गमीटर | $m^2$ |
| आयतन | घनमीटर | $m^3$ |
| चाल | मीटर /सेकेण्ड | m/s |
| कोणीयवेग | रेडियन/सेकेण्ड | Rad/s |

**कुछ विशेष मापक यंत्र:-**

| मापक यंत्र | उपयोग |
|---|---|
| **बैरोमीटर** | **वायुमंडलीय दाब मापने में** |
| हाइड्रोमीटर | तरल पदार्थों का सापेक्षित घनत्व |
| **एनीमोमीटर** | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| एमीटर | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| हाइग्रोमीटर | सापेक्षित आर्द्रता |
| मेनोमीटर | गैसों का दाब |
| गैलवेनोमीटर | विद्युत धारा की उपस्थिति |
| ऑडियोमीटर | ध्वनि की तीव्रता एवं आवृति |
| सोनार | समुद्र में डूबी वस्तुओं की दूरी |
| अल्टीमीटर | ऊँचाई मापने में |
| **सिस्मोग्राफ** | **भूकंप की तीव्रता** |
| कैरेटोमीटर | स्वर्ण की शुद्धता |
| स्टेथस्कोप | हृदय की ध्वनि सुनने में |
| **फैदोमीटर** | **समुद्र की गहराई** |

- ***यांत्रिकी***

- यांत्रिकी के अन्तर्गत पिण्डों पर बल का प्रभाव और उत्पन्न गति का अध्ययन किया जाता हैं।
- **दूरी (Distance)-** किसी दिए गए समयांतराल में वस्तु द्वारा तय किए गए मार्ग की लम्बाई को दूरी कहते हैं। यह सदैव धनात्मक होती हैं।
  यश एक अदिश राशी हैं।
- **विस्थापन (Displacement)** - एक निश्चित दिशा में दो बिन्दुओं के बीच लम्बवत् (न्यूनतम) दूरी को विस्थापन कहा जाता हैं। इसका SI मात्रक मीटर हैं। विस्थापन धनात्मक, ऋणात्मक या शून्य कुछ भी हो सकता हैं। यह सदिश राशि हैं।
- **चाल (Speed)** - किसी वस्तु द्वारा प्रति सेकेण्ड़ तय की गयी दूरी को चाल कहते हैं।
- अर्थात्
- चाल = दूरी/समय
- इसका SI मात्रक मीटर/सेकेण्ड़ हैं।

- **वेग (Velocity)** – किसी वस्तु के विस्थापन की दर को अथवा एक निश्चित दिशा में प्रति सेकेण्ड वस्तु द्वारा तय की गयी दूरी को वेग कहते हैं । इसका SI मात्रक मीटर/सेकेण्ड़ हैं ।
- **त्वरण (Acceleration)** – किसी वस्तु के वेग में परिवर्तन की दर को त्वरण कहते हैं । इसका SI मात्रक मीटर/सेकंड$^2$ हैं ।
- यदि समय के साथ वस्तु का वेग घटता हैं तो त्वरण ऋणात्मक होता हैं, जिसे मन्दन (Decelerate)कहा जाता हैं।

## गति (Motion)

- जब कोई वस्तु समय के साथ-साथ अपनी स्थिति में परिवर्तन करती हैं तो वह गति की अवस्था में होती हैं ।
- जब कोई वस्तु समय अंतराल के बराबर दूरी तय करती हैं तो उसे एक समान गति कहा जाता हैं।
- जब कोई वस्तु समय अंतराल के साथ-साथ बराबर दूरी तय न करें तो उसकी गति असमान गति कहलाती हैं ।
- **वृत्तीय गति (Circular Motion)** – जब कोई कण किसी वृत्ताकार मार्ग में समरूप गति करता है, वृत्तीय गति कहलाती हैं ।
- **कोणीय वेग (Angular Velocity)** – किसी वृत्ताकार पथ पर गतिशील कण को केन्द्र से मिलाने वाली रेखा एक सेकेण्ड़ में जितना कोण घूमती है उसे कण का कोणीय वेग कहते हैं ।
- यदि यह रेखा t सेकेण्ड़ में θ रेडियन के कोण में घूमती हैं, तो, कोणीय वेग -
  - $\omega = \frac{\theta}{t}$ रेडियन / सेकेण्ड़
- कोणीय वेग को ओमेगा (ω) से व्यक्त किया जाता हैं ।
- न्यूटन के गति के नियम (Newton's Law of Motion):-
- न्यूटन ने गति के नियमों का प्रतिपादन 1687 में अपनी पुस्तक प्रिंसीपिया (Principia)में किया ।
- **प्रथम नियम** - कोई वस्तु विराम की अवस्था में है तो वह विराम की अवस्था में ही रहेगी, जब तक कि उस पर कोई बाह्य बल लगाकर उसकी अवस्था में परिवर्तन न किया जाए। अर्थात् सभी वस्तुए अपनी प्रारंभिक अवस्था को बनाये रखना चाहती हैं ।
- वस्तुओं की प्रारंभिक अवस्था (विराम या गति की अवस्था) में स्वतः परिवर्तन नहीं होने की प्रवृत्ति को जड़त्व (Inertia) कहते हैं । इसलिए न्यूटन के प्रथम नियम को जड़त्व का नियम भी कहा जाता हैं ।
- बल वह बाह्य कारक हैं, जिसके द्वारा किसी वस्तु की विराम अथवा गति की अवस्था में परिवर्तन किया जाता हैं। अतः प्रथम नियम हमें बल की परिभाषा (definition of force) देता हैं ।

**जड़त्व के उदाहरण :**

- रुकी हुई गाड़ी के अचानक चल पड़ने पर उसमे बैठे यात्री पीछे की ओर झुक जाते हैं ।
- चलती हुई गाड़ी के अचानक रुकने पर उसमें बैठे यात्री आगे की ओर झुक जाते हैं ।
- गोली मारने से काँच में गोल छेद हो जाता हैं, परन्तु पत्थर मारने वह काँच टुकड़े-टुकड़े हो जाता हैं ।
- कम्बल को हाथ से पकड़कर डण्डे से पीटने पर धूल के कण झड़कर गिर पड़ते हैं ।

- **द्वितीय नियम:** वस्तु के संवेग (momentum) में परिवर्तन की दर उस पर आरोपित बल के अनुक्रमानुपाती होती है तथा संवेग परिवर्तन आरोपित बल की दिशा में ही होता हैं। इस नियम को एक अन्य रूप में भी व्यक्त किया जा सकता हैं - किसी वस्तु पर आरोपित बल, उस वस्तु के द्रव्यमान तथा बल की दिशा में उत्पन्न त्वरण के गुणनफल के बराबर होता हैं।
- यदि किसी m द्रव्यमान की वस्तु पर F बल आरोपित करने से उसमें बल की दिशा में a त्वरण उत्पन्न होता हैं, तो द्वितीय नियम के अनुसार, **F=ma**
- यदि F=0 हो, तो a=0 (क्योंकि m शून्य नहीं हो सकता हैं) अर्थात् यदि वस्तु पर बाहरी बल न लगाया जाए, तो वस्तु में त्वरण उत्पन्न नहीं होगा । यदि त्वरण का मान शून्य हैं तो इसका अर्थ है कि या तो वस्तु नियत वेग से गतिमान है या विरामावस्था में है। इससे स्पष्ट हैं कि बल के अभाव में वस्तु अपनी गति अथवा विराम अवस्था को बनाए रखती है। गति के **द्वितीय नियम से बल का व्यंजक (Measure of Force) प्राप्त होता हैं** ।
- बल के मात्रक (Units of Force) : SI पद्धति में बल का मात्रक न्यूटन (Newton-N) हैं । F=ma से, यदि m=1 किग्रा. तथा a=1 मीटर/सेकण्ड$^2$ हो,तो F=1 न्यूटन ।
- अतः 1 न्यूटन का बल वह बल हैं, जो 1 किग्रा. द्रव्यमान की किसी वस्तु में 1 मीटर/सेकण्ड$^2$ का त्वरण उत्पन्न कर दे । बल का एक और मात्रक किग्रा. भार हैं । इस बल को गुरुत्वीय मात्रक कहते हैं । 1 किग्रा भार उस बल के बराबर हैं, जो 1 किग्रा की वस्तु पर गुरुत्व के कारण लगता हैं ।

- **संवेग** (Momentum-p); किसी गतिमान वस्तु के द्रव्यमान तथा वेग के गुणनफल को उस वस्तु का संवेग कहते हैं । संवेग (p) = द्रव्यमान (m) X वेग (v) संवेग एक सदिश राशि हैं । इसका मात्रक किग्रा. मीटर/सेकेण्ड़ ($kg.\frac{m}{s}$) होता हैं ।
- आवेग (Impulse-J) & यदि कोई बल किसी वस्तु पर कम समय तक कार्यरत रहे तो बल और समय-अन्तराल के गुणनफल को उस वस्तु का आवेग कहते हैं । आवेग (J) = बल (F) X समय-अन्तराल (t)

**द्वितीय नियम (संवेग, आवेग) के उदाहरण -**

- समान वेग से आती हुई क्रिकेट गेंद एवं टेनिस गेंद में टेनिस गेंद को कैच करना आसान होता हैं ।
- क्रिकेट खिलाड़ी तेजी से आती हुई गेंद को कैच करते समय अपने हाथों को गेंद के वेग की दिशा में गतिमान कर लेता है, ताकि चोट कम लगे ।

- प्रकाश वस्तुओं को देखने के काम आता है!
- प्रकाश की तरंगदैर्घ्य 400nm से 700nm होती है
- हमारी आंखें सबसे अधिक संवेदनशील पीले रंग के लिए होती है एवं सबसे कम संवेदनशील लाल व बैंगनी रंग के लिए होती है ।
- प्रकाश का पथ किरण कहलाता है।
- प्रकाश को जब किसी सतह से आपतित किया जाता है तो तीन प्रकार की प्रक्रिया होती है :-
  - प्रकाश का कुछ भाग अवशोषित हो जाता है ।
  - कुछ भाग परावर्तित हो जाता है व शेष भाग अपवर्तित हो जाता है ।

**प्रकाश की चाल -**

- विभिन्न माध्यमो मे प्रकाश की चाल भिन्न-भिन्न होती है।
- निर्वात् या वायु मे प्रकाश की चाल (Speed of Light) सर्वाधिक अर्थात् $3 \times 10^8$ मी./से होती है
- जो माध्यम जितना अधिक सघन होता है उसमें प्रकाश की चाल उतनी ही कम होती है।
- प्रकाश की किसी माध्यम मे चाल, $u = c/\mu$ होती है, जहाँ $c = 3 \times 10^8$ मी/से तथा $\mu$ माध्यम का अपवर्तनांक (Refractive Index) है
- प्रकाश के वेग की गणना सर्वप्रथम रोमर ने की।
- सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुचने मे औसतन 8 मिनट 16.6 सेकण्ड का समय लगता है।
- चन्द्रमा से परावर्तित प्रकाश को पृथ्वी तक आने में 1.28 सेकण्ड का समय लगता है।
- विभिन्न माध्यमो में प्रकाश की चाल निम्न तालिका में प्रदर्शित है ।

| माध्यम | प्रकाश की चाल (मी/से) |
|---|---|
| वायु | $2.95 \times 10^8$ |
| जल | $2.25 \times 10^8$ |
| काँच | $2.00 \times 10^8$ |
| तारपीन का तेल | $2.04 \times 10^8$ |
| निर्वात | $3 \times 10^8$ |

**सूर्यग्रहण -**

- स्वयं की कक्षा में परिभ्रमण करते समय जब चन्द्रमा, पृथ्वी एवं सूर्य के बीच आ जाता है तो सूर्य का कुछ अंश चन्द्रमा से ढक जाने के कारण पृथ्वी तल से दिखाई नहीं पड़ता है। इस स्थिति को सूर्यग्रहण (Solar Eclipse) कहते है।
- यह अमावस्था के दिन होता है।
- सूर्य ग्रहण के समय, सूर्य का केवल कोरोना भाग ही दिखाई देता है।

**चन्द्रग्रहण -**

- जब पृथ्वी, सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच आ जाती है तो सूर्य का प्रकाश चन्द्रमा पर नही पडता है और इस स्थिति मे चन्द्रमा पृथ्वी तल से दिखाई नही पडता है। इस स्थिति को चंद्र ग्रहण (Lunar Eclipse) कहते है।
- यह पूर्णिमा के दिन होता है।
- पृथ्वी का कक्ष-तल चन्द्रमा के कक्ष-तल के साथ $5^0$ का कोण बनाता है इसलिए चन्द्र ग्रहण हर महीने दिखाई नही देता।

**प्रकाश का परावर्तन -**

- जब प्रकाश की किरण सतह पर पडती है और समान माध्यम मे वापस लौट जाती है तो यह परिघटना प्रकाश का परावर्तन (Reflection) कहलाती है।




प्रकाश का परावर्तन

- **परावर्तक सतह :-** वह सतह जिस पर आपतित प्रकाश पूर्ण रूप से परिवर्तित हो जाता है तो यह सतह परावर्तक सतह कहलाती है
- **आपतित किरण :-** परावर्तक सतह पर आने वाली किरण आपतित किरण कहलाती है
- **परावर्तित किरण :-** परावर्तक सतह पर टकराकर पुनः उसी माध्यम में लौटने वाले किरण परावर्तित किरण कहलाती है
- **अभिलंब (N) :-** परावर्तक सतह पर लंबवत रेखा अभिलंब कहलाती है यह आपतित किरण व परावर्तित किरण के मध्य उपस्थित होता है
- **आपतन कोण (i) :-** अभिलम्ब व आपतित किरण के मध्य बनने वाला कोण आपतन कोण कहलाता है
- **परावर्तक कोण (r) :-** अभिलम्ब व परावर्तित किरण के बीच बनने वाला कोण परावर्तक कोण कहलाता है
- **विचलन कोण (Δ) :-** आपतित किरण की मूल दिशा एवं परावर्तित किरण के बीच बनने वाला कोण विचलन कोण कहलाता है ।
- **परावर्तन के दो नियम है -**

1. आपतन कोण = परावर्तन कोण अर्थात् $\angle i = \angle r$
2. आपतित किरण, परावर्तित किरण तथा अभिलम्ब तीनों एक ही तल में होती है।

**परावर्तन दो प्रकार का होता है :-**

- नियमित परावर्तन
- विसरित परावर्तन

- **नियमित परावर्तन :-** जब किसी प्रकाश को किसी सतह पर आपतित किया जाता है तो आपतित प्रकाश परावर्तित होकर एक निश्चित दिशा में का गमन करता है तो प्रकाश की यह घटना नियमित परावर्तन कहलाती है ।

- ***विसरित परावर्तन*** :- जब प्रकाश की किरणें खुरदरी या असमतल सतह से टकराती हैं तो यह परावर्तित प्रकाश की किरणें सभी दिशाओं में फैल जाती है तो प्रकाश की किरणों के सभी दिशाओं में फैलने की घटना विसरित परावर्तन कहलाती है ।
- पुस्तक को पढ़ते, सिनेमा हॉल में सिनेमा देखते, ब्लैक बोर्ड पर लिखे शब्दों को देखते समय विसरित परावर्तन का ही प्रयोग किया जाता है।
- आकाश का नीला रंग विसरित परावर्तन के कारण होता है।
- परावर्तन की घटना में कभी भी प्रकाश की चाल आवृत्ति, तरंग धैर्य नहीं बदलती है परंतु तीव्रता में परिवर्तन होता है जो पृष्ठ की प्रकृति पर निर्भर करती है।
- परावर्तन की घटनाएं सभी सतह से संभव होती हैं चाहे वह सतह समतल हो, उत्तल हो या अवतल हो ।
- यदि कोई किरण अभिलंब से आते हुए किसी दर्पण पर आपतित होती है तो आपतन के पश्चात यह अपने पथ को वापिस प्राप्त करती है इस अवस्था में आपतन व परावर्तन कोण के मान शुन्य (0) होते हैं ।
- किसी भी बिम्ब से अनंत किरणें निकलती हैं परंतु प्रतिबिंब निर्माण के लिए कम से कम 2 किरणों का मिलना आवश्यक हैं ।

***दर्पण –***

- यह कांच की भांति होता है जिसकी एक सतह पॉलिश की हुई होती है।
- दर्पण या आईना एक प्रकाशीय युक्ति है जो प्रकाश के परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करती है

***दर्पण दो प्रकार के होते हैं –***

- समतल दर्पण
- गोलीय दर्पण।

- किसी भी दर्पण को पानी में डूबोने पर उस की फोकस दूरी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि फोकस दूरी गोलीय दर्पण की वक्रता त्रिज्या पर निर्भर करती है ।
- ***समतल दर्पण***:- यदि परावर्तक सतह समतल हो तो वह समतल दर्पण कहलाता है

***समतल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब निर्माण :***

- समतल दर्पण के द्वारा वस्तु का ***आभासी सीधा व बराबर आकार*** का प्रतिबिंब बनता है ।
- समतल दर्पण में वस्तु का दायां भाग बाया व बाया भाग दाया दिखाई देता है यह घटना ***पाश्र्व प्रतिलोमन*** कहलाती है।

***गोलीय दर्पण*** :-

- गोलीय दर्पण एक खोखले गोले का भाग होता है जिसको काटकर गोलीय दर्पण का निर्माण किया जाता है ।
- गोलीय दर्पण दो प्रकार के होते हैं :-
  (1) अवतल दर्पण
  (2) उत्तल दर्पण

***अवतल दर्पण*** :- यदि परावर्तन की घटना आंतरिक सतह से होती हैं तो दर्पण अवतल दर्पण कहलाता है।

***उत्तल दर्पण*** :- यदि परावर्तन की घटना बाह्य सतह पर हो तो दर्पण उत्तल दर्पण कहलाता है।

***गोलीय दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण –***

- ***द्वार (AB)*** – दर्पण का आकार द्वारक कहलाता है जहां तक कि उसमें किरणे प्रवेश करती है
- ***ध्रुव (p)*** – दर्पण का मध्य बिंदु ध्रुव कहलाता है । इसे P से व्यक्त करते हैं ।
- ***वक्रता केंद्र (C)*** – गोलीय दर्पण का केंद्र वक्रता केंद्र कहलाता है जिससे काटकर दर्पण बनाया गया है इसे C से व्यक्त करते हैं
- ***वक्रता त्रिज्या(R)*** – गोलीय दर्पण की त्रिज्या वक्रता त्रिज्या कहलाती है इसे R से व्यक्त करते हैं
- ***फोकस बिंदु*** – मुख्य अक्ष के समांतर आने वाली किरणें दर्पण से परावर्तन के पश्चात जिस बिंदु पर मिलती है अथवा मिलती हुई प्रतीत होती हैं वह बिंदु फोकस बिंदु कहलाता है
- ***फोकस दूरी***:- फोकस बिंदु से ध्रुव के बीच की दूरी फोकस दूरी कहलाती है इसे f से व्यक्त करते हैं ।

***दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण के नियम*** – यदि कोई किरण मुख्य अक्ष के समांतर आती है तो दर्पण से परावर्तन के पश्चात फोकस बिंदु से गुजरती है अथवा गुजरती हुई प्रतीत होती है

- यदि कोई किरण फोकस बिंदु से गुजरती हुई दर्पण पर आपतित होती है तो यह मुख्य अक्ष के समांतर हो जाती है।
- यदि कोई किरण वक्रता केंद्र से होते हुए दर्पण पर आपतित होती है तो परावर्तन के पश्चात यह अपने पथ का अनुसरण करती है
- यदि कोई किरण ध्रुव पर जितने कोण से आपतित होती है तो यह इतनी ही कोण से परावर्तित हो जाती है

***दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण*** :-

- अवतल दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण –

| **बिम्ब** | **प्रतिबिम्ब** | **प्रतिबिम्ब की प्रकृति** | **आवर्धन क्षमता** |
|---|---|---|---|
| ∞ | F | वास्तविक,उल्टा, बहुत छोटा | M<<-1 |
| ∞ – F | F-C | वास्तविक,उल्टा, छोटा | M< -1 |
| C | C | वास्तविक,उल्टा, बराबर | M= -1 |
| F-C | C-∞ | वास्तविक,उल्टा, बडा | -M> 1 |
| F | ∞ | वास्तविक,उल्टा, बहुत बड़ा | -M>>1 |
| F-P | दर्पण के पीछे | आभासी,सीधा,बडा | +M>>1 |

**उत्तल दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण :-**

- उत्तल दर्पण हमेशा आभासी एवं छोटा प्रतिबिंब बनाता है।

**वास्तविक प्रतिबिंब :-**

(1)- वास्तविक प्रतिबिंब को पर्दे पर प्राप्त किया जा सकता है।
(2)- वास्तविक प्रतिबिंब दर्पण के सामने बनता है।
(3)- वास्तविक प्रतिबिंब में किरणें मिलती हैं।
(4)- वास्तविक प्रतिबिंब की आवर्धन क्षमता (m) ऋण आत्मक होती है।

**आभासी प्रतिबिंब :**

(1)- आभासी प्रतिबिंब को पर्दे पर प्राप्त नहीं किया जा सकता है।
(2)- आभासी प्रतिबिंब दर्पण के पीछे बनता है।
(3)- आभासी प्रतिबिंब में किरण मिलती हुई प्रतीत होती है।
(4)- आभासी प्रतिबिंब की आवर्धन क्षमता (m) धनात्मक होती है।

**गोलीय दर्पण से परावर्तन :-**

गोलीय दर्पण वे दर्पण है, जिनकी परावर्तक सतह गोलीय होती है। गोलीय दर्पण दो प्रकार के होते है:-

**उत्तल दर्पण** - ऐसे दर्पण जिनमें परावर्तन उभरी हुई सतह से होता है, उत्तल दर्पण कहलाते है। यह अनन्त से आने वाली किरणों को फैलाता है तथा ये किरणों को अपसारित करता है। अतः इसे अपसारी दर्पण भी कहा जाता है।




**अवतल दर्पण (Concave Mirror)**- ऐसे दर्पण जिनमे परावर्तन दबी हुई सतह से होता है, अवतल दर्पण कहलाते है। इसे अभिसारी दर्पण भी कहा जाता है क्योकि यह अनन्त से आने वाली किरणो को सिकोडता है एवं दर्पण किरणो को अभिसारित करता है।




**दर्पण सूत्र** $\frac{1}{v} + \frac{1}{u} = \frac{1}{f}$

**प्रकाश का अपवर्तन-**

- जब प्रकाश एक माध्यम **जैसे**- वायु से दूसरे माध्यम (**जैसे**- काँच) में जाता है तो इसका एक भाग पहले माध्यम मे वापस आ जाता है तथा शेष भाग दूसरे माध्यम में प्रवेश कर जाता है। जब यह दूसरे माध्यम से गुजरता है तो इसकी संचरण दिशा परिवर्तित हो जाती है। यह अभिलम्ब की ओर झुक जाती है या अभिलम्ब प्रकाश से दूर हट जाती है। यह परिघटना अपवर्तन (Refraction) कहलाती है।
- प्रकाश के अपवर्तन में, जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो इसकी तीव्रता घट जाती है।
- **अपवर्तन के दो नियम हैं :-**

1. आपतित किरण, आपतन बिन्दु पर अभिलम्ब व अपवर्तित किरण तीनों एक ही तल मे होते हैं।
2. आपतन कोण की ज्या (sin $i_1$) व अपवर्तन कोण की ज्या (sin $i_2$) का अनुपात एक नियतांक होता है, जिसे दूसरे माध्यम का पहले माध्यम के सापेक्ष अपवर्तनांक कहते है।




**प्रकाश के अपवर्तन के कुछ व्यावहारिक उदाहरण**

- सघन माध्यम में स्थित वस्तु को विरल माध्यम से देखने पर वस्तु सम्पर्क पृष्ठ के निकट दिखाई देती है( जैसे- जल के अन्दर मछली जहां दिखाई देती है, तालाब मे उससे नीचे स्थित होती है।

- आधुनिक आवर्त सारणी में तत्वों को आरोही परमाणु संख्या के क्रम में व्यवस्थित किया गया है। अतः तत्वों को व्यवस्थित करने का आधार इलेक्ट्रोनिक विन्यास भी है ।
- आवर्त सारणी में चार ब्लॉक है । बाँयी ओर समूह 1 और 2 में s ब्लॉक के तत्व और दाँयी ओर समूह 13,14,15,16,17 व 18 में p ब्लॉक के तत्व जबकि आवृत सारणी के मध्य भाग में (s ब्लॉक और p ब्लॉक के बीच) समूह 3,4,5,6,7,8,9,10,11 व 12 में d ब्लॉक के तत्व रखे गये है। d ब्लॉक तत्वों को संक्रमण तत्व भी कहते है ।
- आवर्त सारणी की मुख्य सारणी के नीचे f ब्लॉक तत्वों को दर्शाया जाता है । f ब्लॉक तत्वों को आंतरिक संक्रमण तत्व भी कहते है।
- समूह के सभी तत्वों में संयोजकता इलेक्ट्रोनो की संख्या समान होती है । यद्यपि समूह में ऊपर से नीचे जाने पर कक्षाओं की संख्या बढती जाती है ।
- आवर्त के सभी तत्वों में संयोजकता इलेक्ट्रोनो की संख्या भिन्न-भिन्न होती है, लेकिन इसमें कक्षाओं की संख्या समान होती है ।
- आवर्त सारणी में तत्वों की स्थिति से उनकी रासायनिक अभिक्रियाशीलता का पता चलता है।
- आधुनिक आवर्त सारणी में आवर्त की संख्या 7 होती है एवं वर्ग की संख्या 9 होती है। वर्ग I से VII तक दो उपवर्गों A एवं B में बंटे है, इस प्रकार उपवर्गों सहित कुल वर्गों की संख्या 18 है ।
- प्रत्येक आवर्त का प्रथम सदस्य क्षार-धातु है , और अंतिम सदस्य कोई अक्रिय गैस(Inert Gas)। सिर्फ पहले आवर्त का पहला सदस्य हाइड्रोजन है जो अपवाद है।

**आधुनिक आवर्त सारणी की उपलब्धियां-**

- आधुनिक आवर्त सारणी ने मेंडेलीव आवर्त सारणी की सभी कमियों को दूर कर दिया।
- समस्थानिको को एक ही साथ एक ही स्थान पर रखा गया। वास्तव में आवर्त सारणी में एक ही स्थान प्राप्त करने के कारण ही इन तत्वों को 'समस्थानिक' कहा गया ।

**विद्युत ऋणात्मकता-** किसी तत्व की परमाणु की वह क्षमता, जिससे वह साझेदारी की इलेक्ट्रोन जोड़ी को अपनी ओर खींचती है, उसे उस तत्व की विद्युत ऋणात्मकता कहते है ।

$$E_a = \frac{\text{आयनन विभव + इलेक्ट्रोन बंधुता}}{5.6}$$

**फ्लोरीन की विद्युत ऋणात्मकता सबसे ज्यादा होती है।**
निष्क्रिय गैसों का गलनांक निम्न होता है, वही वर्ग IV A के तत्वों का गलनांक उच्चतम होता है ।

- **धातु, अधातु एवं उपधातु**

**धातुएं (Metals)**

- सामान्यतः धातुएं विद्युत की सुचालक होती है तथा अम्लों से क्रिया करके हाइड्रोजन गैस विस्थापित करती है। धातुएं सामान्यतः चमकदार, अघातवर्ध्य एवं तन्य होती है। **पारा एक ऐसी धातु है जो द्रव अवस्था में रहती है।**
- पृथ्वी धातुओं की सबसे बड़ी स्रोत है तथा धातुएं पृथ्वी को भूपर्पटी में मुक्त अवस्था या यौगिक के रूप में पायी जाती है। भूपर्पटी में मिलने वाली धातुओं में **एल्युमीनियम, लोहा, कैल्सियम का क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान है।**
- ज्ञात तत्वों में 78 प्रतिशत से अधिक संख्या धातुओं की है, जो आवर्त सारणी में बाई ओर स्थित है।

**खनिज (Minerals)-** भूपर्पटी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले तत्वों या यौगिकों को खनिज कहते है।

**अयस्क (Ores)-** खनिज जिनसे धातुओं को आसानी से तथा कम खर्च में प्राप्त किया जा सकता है उन्हें अयस्क कहते है। इसलिए सभी अयस्क खनिज होते है, लेकिन सभी खनिज अयस्क नहीं होते है, अतः सभी खनिजों का उपयोग धातु प्राप्त करने में नहीं किया जा सकता।

**गैंग (Gangue)-** अयस्क में मिले अशुद्ध पदार्थ को गैंग कहते है।

**फ्लक्स (Flux)-** अयस्क में मिले गैंग को हटाने के लिए बाहर से मिलाए गये पदार्थ को फ्लक्स कहते है।

**अमलगम (Amalgum)-** पारा अमलगम का आवश्यक अवयव होता है। **पारा के मिश्र धातु अमलगम कहलाते है।** निम्न धातुएँ अमलगम नहीं बनाते है- लोहा, प्लैटिनम, कोबाल्ट, निकेल एवं टंगस्टन आदि।

**एनीलिंग (Annealing)-** इस्पात को उच्च ताप पर गर्म कर धीरे-धीरे ठण्डा करने पर उसकी कठोरता घट जाती है। इस प्रक्रिया को एनीलिंग कहते है।

- लोहे में जंग लगने के लिए ऑक्सीजन व नमी आवश्यक है। जंग लगने से लोहे का भार बढ़ जाता है। जंग लगना एक रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है। लोहे में जंग लगने में बना पदार्थ फेरसोफेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) होता है। यशदलेपन, तेल लगाकर, पेंट करके, एनोडीकरण या मिश्रधातु बनाकर लोहे को जंग लगने से बचाया जा सकता है।

**यशदलेपन-** लोहे एवं इस्पात को जंग से सुरक्षित रखने के लिए उन पर जस्तें की पतली परत चढ़ाने की विधि यशदलेपन कहते है।

**इस्पात-** लोहा एवं 0.5% से 1.5% तक कार्बन की मिश्रधातु इस्पात कहलाती है।

**स्टेनलेस इस्पात-** यह लोहे व कार्बन के साथ क्रोमियम तथा निकेल की मिश्रधातु होती है। यह जंग प्रतिरोधी अथवा धब्बा होता है तथा इसका उपयोग शल्य उपकरण तथा बर्तन बनाने में किया जाता है।

**कोबाल्ट इस्पात-** इसमें कोबाल्ट की उपस्थिती के कारण विशिष्ट चुम्बकत्व का गुण आ जाता है। इसका उपयोग स्थायी चुम्बक बनाने में किया जाता है।

**मैंगनीज इस्पात-** मैंगनीज युक्त इस्पात दृढ़, अत्यंत कठोर एवं टूट-फूट रोधी होता है। इसका उपयोग अभेद तिजोरी, हेलमेट आदि बनाने में किया जाता है।

**धातुओं के भौतिक गुण-**

- **धात्विक चमक-** धातुएँ अपने शुद्ध रूप में चमकदार होती है।
- **कठोरता-** धातुएँ सामान्यत: कठोर होती है। प्रत्येक धातु की कठोरता अलग-अलग होती है, परन्तु कुछ धातुएँ(क्षारीय धातु- लीथियम, सोडियम, पोटैशियम) इतनी मुलायम होती है कि इन्हें चाकू से काटा जा सकता है। मर्करी सामान्य ताप पर द्रव अवस्था में पाई जाने वाली धातु है।
- **आघातवर्ध्यता- धातुओं को पीटकर चादर बनाई जा सकती है। इस गुण को आघातवर्ध्यता कहते है ।** जैसे- सोना,चाँदी
- **तन्यता- धातु को पतले तार के रूप में खींचने की क्षमता को तन्यता कहते है ।** सोना सर्वाधिक तन्य धातु है। । ग्राम सोने से 2km लम्बा तार बनाया जा सकता है।
- **ऊष्मा चालकता-** धातुएँ ऊष्मा की सुचालक होती है। सिल्वर और कॉपर ऊष्मा के सबसे अच्छे चालक है, जिनमे सिल्वर की चालकता कॉपर से ज्यादा है। इनकी तुलना में लेड और मर्करी ऊष्मा के कुचालक है ।
- **गलनांक-** धातुओं का गलनांक उच्च होता है। (गैलियम और सीजियम धातुओं का गलनांक बहुत कम है। यदि इनको हथेली पर रखा जाये तो यह पिघलने लगते है।)
- **विद्युत चालकता-** सामान्यत: धातुएँ विद्युत की चालक होती है। विद्युत का सर्वोत्तम चालक सिल्वर और कॉपर में होता है। इनके बाद क्रमशः सोना, एल्यूमिनियम तथा टंगस्टन का स्थान आता है।

**धातुओं के रासायनिक गुण-**

**दहन (Burning)-** वायु की उपस्थिति में किसी पदार्थ के जलने पर पदार्थ की ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया होती है।

लगभग सभी धातुएँ ऑक्सीजन के साथ मिलकर संगत धातु के ऑक्साइड बनाती है।

जैसे- $2Cu + O_2 \rightarrow$ **$2CuO$**
कॉपर ... कॉपर ऑक्साइड

- धातु ऑक्साइड की प्रकृति क्षारीय होती है। लेकिन एल्यूमिनियम ऑक्साइड जैसे कुछ धातु ऑक्साइड अम्लीय तथा क्षारकीय दोनों प्रकार के व्यवहार प्रदर्शित करते है।

**जल से अभिक्रिया (Reaction with Water)-**

- जल से अभिक्रिया करके धातुएँ हाइड्रोजन गैस तथा धातु ऑक्साइड उत्पन्न करती है। जो धातु ऑक्साइड जल में घुलनशील होते है, वे जल में घुलकर धातु हाइड्रॉक्साइड प्रदान करते है। सभी धातुएँ जल के साथ अभिक्रिया नहीं करती ।

धातु + जल $\rightarrow$ धातु ऑक्साइड + हाइड्रोजन
धातु ऑक्साइड + जल $\rightarrow$ धातु हाइड्रॉक्साइड पोटैशियम एवं सोडियम जैसी धातुएँ ठंडे जल के साथ तेजी से अभिक्रिया करती है। यह तीव्र एवं ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया होती है।

$2K + 2H_2O \rightarrow 2KOH + H_2 +$ ऊष्मीय ऊर्जा
$2Na + 2H_2O \rightarrow 2NaOH + H_2 +$ ऊष्मीय ऊर्जा

- लेड, कॉपर, सिल्वर तथा गोल्ड जैसी धातुएँ जल के साथ बिल्कुल अभिक्रिया नही करती है।

**अम्लों के साथ अभिक्रिया (Reaction with Acids)-**

धातुएँ अम्ल के साथ अभिक्रिया करके लवण तथा हाइड्रोजन गैस बनाती है

धातु + तनु अम्ल $\rightarrow$ लवण + हाइड्रोजन

- नाइट्रिक अम्ल से धातुओं की अभिक्रिया में हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित नही होती, क्योंकि $HNO_3$ (नाइट्रिक अम्ल) एक प्रबल ऑक्सीकारक होता है, जो उत्पन्न $H_2$ को ऑक्सीकृत करके जल में बदल देता है एवं स्वयं नाइट्रोजन के किसी ऑक्साइड($N_2O$, $NO$, $NO_2$) में अपचयित हो जाता है। लेकिन मैग्नीशियम(Mg) और मैंगनीज(Mn) अति तनु $HNO_3$ के साथ अभिक्रिया कर गैस उत्सर्जित करते है ।
- कॉपर तनु HCl से अभिक्रिया नही करता है।

**धातुओं की सक्रियता श्रेणी -**

धातुओं की क्रियाशीलता को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर जो सूची प्राप्त होती है, धातुओं की सक्रियता श्रेणी है ।

सक्रियता श्रेणी : धातुओं की सापेक्ष अभिक्रियाशीलता

| | | |
|---|---|---|
| K - | पोटैशियम | सर्वाधिक उच्च |
| Na - | सोडियम | -अभिक्रियाशील |
| Ca - | कैल्सियम | धातुएँ |
| Mg - | मैग्नीशियम | |
| Al - | एल्यूमिनियम | |
| | | |
| Zn - | ज़िंक | मध्यम |
| Fe - | आयरन | अभिक्रियाशील |
| Sn - | टिन | धातुएँ |
| Pb - | लेड | |
| | | |
| H - | हाइड्रोजन | निम्न |
| Cu - | कॉपर | अभिक्रियाशील |
| Hg - | मर्करी | धातुएँ |
| Ag - | सिल्वर | सबसे कम |
| Au - | गोल्ड | अभिक्रिया-शील |

- अधिकांश सह संयोजक यौगिक साधारण अवस्था में गैस, द्रव या वाष्पशील ठोस होते हैं।
- इनके द्रवणांक एवं क्वथनांक निम्न होते हैं। ये विद्युत के कुचालक होते हैं।
- ये जल में प्रायः अविलेय किन्तु कार्बनिक विलायकों (बेंजीन, कार्बन टेट्राक्लोराइड आदि) में विलेय होते हैं। अपवाद - कुछ सह-संयोजी यौगिक जल में विलेय होते है जैसे- HCl, $NH_3$ आदि।
- सह-संयोजी यौगिक की प्रकृति दिशात्मक होती है।

3. **उपसह संयोजक बंध (Co-Ordinate Bond)-** ऐसा बंध जो दो परमाणुओं के बीच एक इलेक्ट्रॉन जोड़ी की साझेदारी से बनता है, किन्तु साझेदारी का इलेक्ट्रॉन जोड़ी सिर्फ एक ही परमाणु द्वारा प्रदत्त होता है 'उपसह-संयोजक बंध' कहलाता है।

उप-सहसंयोजक बंध को एक तीर (→)द्वारा दर्शाया जाता है। तीर की पूँछ इलेक्ट्रॉन दाता की ओर, जबकि सिर इलेक्ट्रॉन ग्राही परमाणु की ओर होता है ।

$A+B = A : B$ या $A \rightarrow B$

उदाहरण :-

$NH_3 + HCl \rightarrow NH_4Cl$

- सहसंयोजता में इलेक्ट्रानों की बराबर साझेदारी होती है।

**हाइड्रोजन आबंध (Hydrogen Bonding)-** किसी अणु के हाइड्रोजन परमाणु और किसी विद्युत ऋणात्मक परमाणु(फ्लोरीन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन) के मध्य आकर्षण बल के कारण बने बंध को 'हाइड्रोजन बंध' कहते हैं। विद्युत ऋणात्मक परमाणु उसी अणु का या किसी दूसरे अणु का हो सकता है ।

**हाइड्रोजन बंध का प्रभाव -**

- अंतर-अणुक हाइड्रोजन बंध के कारण HF तथा $H_2O$(जल) द्रव है, जबकि HCl और $H_2S$ गैस है।
- अंतर-अणुक हाइड्रोजन बंध की संख्या जितनी होगी,तरल की श्यानता उतनी ही अधिक होगी|

**ऑक्सीकरण एवं अवकरण (Oxidation & Reduction)**

**ऑक्सीकरण (Oxidation)-** परमाणुओं, आयनों या अणुओं द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉन त्याग करने की प्रक्रिया को ऑक्सीकरण कहते हैं। जैसे-

$$Na - e = Na^+$$

**अवकरण (Reduction)-** परमाणुओं, आयनों या अणुओं के द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने की प्रक्रिया को अवकरण या अपचयन कहते है जैसे- $Cu^{++} + 2e \rightarrow Cu$

**ऑक्सीकारक (Oxidising Agent)-** ऑक्सीकारक वे पदार्थ है जो ऑक्सीकरण की क्रिया करवाते है अर्थात् ऑक्सीकारक वे पदार्थ है जो इलेक्ट्रॉन को ग्रहण करते है।

**अवकारक (Reducing Agent)-** अवकारक वे पदार्थ जो अवकरण की क्रिया करवाते है अर्थात अवकारक वे पदार्थ जो इलेक्ट्रोनों का त्याग करते है।

**रेडॉक्स अभिक्रिया (Redox Reaction)-** ऑक्सीकरण एवं अवकरण की क्रियाएँ साथ-साथ होती हैं, अर्थात् जब एक पदार्थ इलेक्ट्रॉन का त्याग करता है, तो दूसरा उसे ग्रहण करता है, इसे ही रेडॉक्स अभिक्रिया कहते हैं।

$$CuSO_4 + Zn \rightarrow ZnSO_4 + Cu$$

(यहाँ Zn तथा $ZnSO_4$ का ऑक्सीकरण तथा $CuSO_4$ तथा Cu का अपचयन हो रहा है ।)

**ऑक्सीकरण व अवकरण में अंतर**

| क्र. सं. | ऑक्सीकरण | अवकरण |
|---|---|---|
| 1 | रासायनिक अभिक्रिया जिसमें हाइड्रोजन अलग होता है। | रासायनिक अभिक्रिया जिसमें हाइड्रोजन संयोग करता है। |
| 2 | इस अभिक्रिया में विद्युत ऋणात्मक अवयव के अनुपात में वृद्धि होती है। | इस अभिक्रिया में ऑक्सीजन का वियोग होता है। |
| 3 | इस अभिक्रिया में विद्युत धनात्मक अवयव का अनुपात घटता है, जबकि संयोजकता बढ़ती है। | इस अभिक्रिया में विद्युत ऋणात्मक अवयव के अनुपात में कमी होती है। |
| 4 | इस अभिक्रिया में विद्युत धनात्मक अवयव का अनुपात घटता है, जबकि संयोजकता बढ़ती है। | इस अभिक्रिया में विद्युत धनात्मक अवयव का अनुपात बढ़ता है, जबकि संयोजकता घटती है। |
